छेड़छाड़ डिस्प्ले बोर्ड में से 9 को मिटाकर किया जीरो

लापरवाही छिपाने विकास के बोर्ड में छेड़छाड़

हकीकत में अधूरा पड़ा सड़क का डामलीकरण कार्य

गुलौआ चौक से 90 क्वार्टर तक 820 मीटर लंबी सड़क में होना था निर्माण

नवभारत,जबलपुर। विकास कार्य की इबारत की धज्जियां लोक निर्माण विभाग के अधिकारी किस कदर उड़ा रहे हैं इसकी पोल मंत्री की तस्वीर वाले स्वीकृति बोर्ड ने खोल दी। बोर्ड के मुताबिक गुलौआ चौक से नब्बे क्वार्टर तक सड़क के डामलीकरण का 820 मीटर लंबी सड़क तक करीब 95.47 लाख की लागत से पूरा होना था जिसे 600 मीटर लंबाई सड़क तक ही पूरा करके अधूरा छोड़ दिया गया।

आलम ये था कि स्थानीय लोगों ने अधूरे पड़े फुटपाथ निर्माण, व डामलरकरण के कार्य को लेकर सोशल मीडिया में जिम्मेदारों की हकीकत उजागर करते हुए बताया कि लोक निर्माण मंत्री वाले बोर्ड में 90 क्वार्टर का विकास पूरा पूरा बताने लिए 9 के ऊपर 0 लिख दिया जिससे कि सभी को लगे कि विकास कार्य पूरा हो चुका है लेकिन हकीकत इससे बिल्कुल विपरीत है। हैरानी होती है जब लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री ये कहते नजर आते हैं कि उनका कार्य क्षेत्र सिर्फ 600 मीटर तक की ही सड़क का था बाकी काम की जिम्मेदारी नगर निगम की थी।

लापरवाही को दिखाता बोर्ड

सवाल ये उठता है कि विकास कार्य कोदर्शाने वाले लगाए गए स्वीकृति बोर्ड में सड़क का कार्य 820 मीटर तक पूरा करने की बात क्या गलत है... जानकारों का कहना है कि विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के कारण ही विकास कार्य अधूरे पड़े हुए हैं।

प्रशासन के द्वारा ऐसी लापरवाही करने वालों पर सख्त कार्रवाई न होना ऐसे जिम्मेदारों का हौंसला बढ़ाती है और नतीजा कुछ इस तरह ही सभी के सामने आता है।

ये लिखा है बोर्ड में

राकेश सिंह विधायक पश्चिम क्षेत्र, मंत्री लोक निर्माण विभाग द्वारा स्वीकृत गुलौआ चौक से नब्बे क्वार्टर तक डामलीकरध का कार्य, लंबाई 820 मीटर लागत 95.47 लाख।

इनका कहना है

हमारे विभाग का काम जितने क्षेत्र तक सीमित था उतना कार्य पूरा हो चुका है। अभी तक गुलौआ से 90 क्वार्टर तक के क्षेत्र के डमलीकरण के मामले में 600 मीटर सड़क का विकास कार्य किया जा चुका है। इसके बाद की जिम्मेदारी हमारे विभाग की नहीं है।

शिवेंद्र सिंह
कार्यपालन यंत्री, संभाग क्रमांक 2 लोक निर्माण विभाग जबलपुर

पुल का गिरना भ्रष्टाचार का प्रमाण : तन्खा

दोषियों पर दर्ज हो एफआईआर

जबलपुर, नवभारत। मध्य प्रदेश के भोपाल-जबलपुर नेशनल हाईवे -45 पर बना करोड़ों का ओवरब्रिज अपनीबदहाली को लेकर विवादों के घेरे में है। लगभग 400 करोड़ रुपये की लागत से तैयार यह पुल महज तीन साल केभीतर ही जर्जर हो गया है। पुल की संरचनात्मक कमजोरी और तकनीकी खामियों ने न केवल सिस्टम की गुणवत्तापर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि प्रदेश की सियासत में भी उबाल ला दिया है। राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खाने इस मामले को भ्रष्टाचार का प्रत्यक्ष प्रमाण बताते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। सांसद श्री तन्खा ने सोशल मीडिया और सार्वजनिक मंचों के जरिए सरकार को घेरते हुए कहा कि यह पुल निर्माण में हुईव्यापक धांधली का उदाहरण है। उन्होंने आरोप लगाया कि महज 3 साल में पुल का जर्जर होना किसी प्राकृतिकआपदा की वजह से नहीं, बल्कि घटिया निर्माण सामग्री और तकनीकी मानकों की अनदेखी का परिणाम है।तन्खा ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक धन की इस तरह बर्बादी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और किसी छोटेकर्मचारी को बलि का बकरा बनाकर असली दोषियों को बचाने की कोशिशें नाकाम की जाएंगी।

जनता के टैक्स का पैसा

स्थानीय नागरिकों और राहगीरों में इस घटना को लेकर गहरा आक्रोश है। 400 करोड़ जैसे बड़े बजट के बावजूदपुल की ऐसी स्थिति ने इंजीनियरिंग निरीक्षण और गुणवत्ता परीक्षण की पोल खोल दी है। जनता का सवाल है किक्या ठेकेदारों को फायदा पहुँचाने के लिए मानकों को ताक पर रखा गया? जानकारों का मानना है कि यदि समयरहते यह मामला सामने न आता, तो यहाँ किसी भी समय कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती थी। क्या प्रशासन किसीबड़े हादसे का इंतज़ार कर रहा था?

स्वतंत्र जांच और ऑडिट की मांग

श्री तन्खा ने इस मामले में केवल प्रशासनिक निलंबन को नाकाफी बताया है। उन्होंने मांग की है कि निर्माण एजेंसीऔर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया जाए पूरे मामले की किसी स्वतंत्र एजेंसी सेतकनीकी जांच कराई जाए और रिपोर्ट सार्वजनिक हो।प्रदेश के सभी नए बने ओवरब्रिज का तत्काल सेफ्टी ऑडिटकराया जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि जनता की गाढ़ी कमाई लूटने वालों को सख्त कानूनी सजा मिलनीचाहिए ताकि भविष्य में ऐसी लापरवाही की पुनरावृत्ति न हो।

निगम मुख्यालय के सामने बजरंगियों का विरोध प्रदर्शन

मृत गौवंश को नाले में फेंकने का मामला

नवभारत,जबलपुर। ग्रीन सिटी के पास सोमवार को उस वक्त हंगामा हो गया जब वहां नगर निगम की टीम मृत गाय को नाले में फेंक रही थी। इस मौके पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने स्थानीय जनों के साथ मिलकर जमकर हंगामा किया और नगर निगम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके बाद आक्रोशित बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने नगर निगम मुख्यालय के पास एकत्रित होकर विरोध प्रदर्शन किया और कहा कि मृत होने के बाद गौ वंश की विधिवत अंत्येष्टि की जाना चाहिए लेकिन इस तरह से खुलेआम नाले में फेंकना निंदनीय है। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने निगम प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि अब ऐसा दोबारा किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

अत्यधिक शराब के सेवन से युवक की मौत

जबलपुर। कोतवाली अंतर्गत दीक्षितपुरा क्षेत्र में अत्यधिक शराब के सेवन से एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार दीक्षितपुरा स्थित नटबाबा की गली में रहने वाली श्रीमती रूबी सेन (27) ने सूचना दी कि उनके पति सूरज सेन (35 वर्ष) की मौत हो गई है। रूबी ने बताया कि वे पहले पंजाब बैंक कॉलोनी में किराए के मकान में रहते थे। सोमवार शाम करीब 5 बजे उन्हें सूचना मिली कि उनके पति सूरज सेन, जो वर्तमान में पंजाब बैंक कॉलोनी स्थित किराए के कमरे में थे, वहां मृत अवस्था में पड़े हैं। जब पत्नी ने मौके पर जाकर देखा तो सूरज की मौत हो चुकी थी। पत्नी के अनुसार, सूरज सेन को अत्यधिक शराब पीने की लत थी और इसी वजह से उनकी जान गई है।

स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति के लिये नगर निगम प्रतिबद्ध : निगमायुक्त

जलापूर्ति के लिए किये जा रहे हैं सकारात्मक प्रयास



नवभारत,जबलपुर। नगर निगम शहर के प्रत्येक नागरिक को शुद्ध और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि निगम द्वारा स्वच्छ जलापूर्ति के लिए लगातार सकारात्मक और प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि शहर के पुराने जल शोधन संयंत्रों का नवीनीकरण किया जा रहा है ताकि पानी की शुद्धता मानक स्तर के अनुरूप बनी रहे। पानी की बर्बादी रोकने और गंदे पानी के मिश्रण को खत्म करने के लिए पुरानी पाइप लाइनों को युद्ध स्तर पर बदला जा रहा है। निगमायुक्त के निर्देशानुसार अब प्रतिदिन शहर के अलग-अलग वार्डों से पानी के नमूने लिए जा रहे हैं और लैब में उनकी जांच की जा रही है। जलापूर्ति की समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए 'स्मार्ट वॉटर मैनेजमेंट सिस्टम' पर काम शुरू किया गया है, जिससे पानी के दबाव और उपलब्धता की रियल-टाइम निगरानी हो सकेगी।

जनता से उम्मीद

निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने नागरिकों से अपील की है कि जल संरक्षण में अपना सहयोग दें। उन्होंने कहा कि हम तकनीक और प्रबंधन के जरिए सुधार कर रहे हैं, लेकिन जनता का सहयोग इस मिशन को सफल बनाएगा। यदि कहीं भी पाइप लाइन में टूट-फूट दिखे, तो तुरंत निगम को सूचित करें। नगर निगम का लक्ष्य केवल पानी पहुँचाना नहीं, बल्कि बीमारी मुक्त और स्वच्छ पेयजल सुनिश्चित करना है।

गोल्डन पीकॉक सम्मान से आयुध निर्माणी सम्मानित

जबलपुर, नवभारत। आयुध निर्माणी खमरिया को मानव संसाधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए देश काप्रतिष्ठित गोल्डन पीकॉक अवार्ड वर्ष 2025 से सम्मानित किया गया है। गत दिवस मुंबई में आयोजित समारोह मेंसंस्थान की ओर से यह सम्मान मुख्य महाप्रबंधक शैलेश वगेरवाल ने ससम्मान ग्रहण किया। उल्लेखनीय है किविश्व स्तर की यह विशिष्ट उपलब्धि संस्थान की सुदृढ़ प्रशासनिक व्यवस्था, प्रभावी मानव संसाधन प्रबंधन, नवोन्मेषी पहल तथा कर्मियों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण को रेखांकित करती है। आयुध निर्माणी खमरिया नेप्रशिक्षण, क्षमता संवर्धन, सहभागितापूर्ण प्रबंधन और कर्मचारी हितकारी योजनाओं के माध्यम से कार्यस्थल परसकारात्मक एवं प्रेरक वातावरण निर्मित किया है। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक शैलेश वगेरवाल ने कहा कियह सम्मान संगठन के प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी के समन्वित प्रयास, अनुशासन एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन कापरिणाम है। उन्होंने सभी को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएँ देते हुए निरंतर प्रगति एवं गुणवत्ता उन्नयन के प्रतिप्रतिबद्ध रहने का संदेश दिया।

आंगनबाड़ी सहायिका और कार्यकर्ता की अनंतिम चयन सूची जारी

नवभारत,जबलपुर। महिला एवं बाल विकास विभाग ने शहरी परियोजना क्रमांक-4 के आंगनबाड़ी केंद्रों क्रमांक 12, 14, 15, 17 और 47 में रिक्त सहायिका पदों के लिए अनंतिम चयन सूची जारी कर दी है। इच्छुक उम्मीदवार इस सूची का अवलोकन एमपी ऑनलाइन चयन पोर्टल पर कर सकते हैं और सात दिन के भीतर दावा-आपत्ति भी दर्ज करा सकते हैं। इसी तरह, एकीकृत बाल विकास परियोजना (शहरी क्रमांक-02) के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 29, 34, 52 और 63 के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका पदों की अनंतिम मेरिट सूची भी सार्वजनिक कर दी गई है।

महंगाई भत्ता और एरियर का भुगतान हो : राज्य कर्मचारी संघ

जबलपुर, नवभारत। मध्य प्रदेश के सरकारी कर्मचारी एक बार फिर केंद्र के समान महंगाई भत्ते की मांग को लेकरमुखर हो गए हैं। मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने प्रदेश सरकार से केंद्रीय कर्मचारियों की तर्ज पर 58 प्रतिशतमहंगाई भत्ता देने की पुरजोर मांग की है। वर्तमान में राज्य के लाखों कर्मचारी 3 प्रतिशत अतिरिक्त महंगाई भत्ते कीप्रतीक्षा कर रहे हैं, लेकिन शासन स्तर से आदेश जारी न होने के कारण कर्मचारियों में हताशा बढ़ती जा रही है। कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव और प्रदेश महामंत्री जितेंद्र सिंह ने बताया कि केंद्र सरकार अपनेकर्मचारियों को जुलाई 2025 से ही 58 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता प्रदान कर रही है। इसके विपरीत, मध्यप्रदेश के शासकीय सेवकों को अभी भी केवल 55 प्रतिशत की दर से ही भुगतान किया जा रहा है। इस अंतर केकारण राज्य के कर्मचारी आर्थिक रूप से पिछड़ रहे हैं। संघ ने स्पष्ट किया है कि बढ़ती महंगाई के दौर मेंकर्मचारियों को उनके हक का लाभ तत्काल मिलना चाहिए।

8 माह के एरियर की मांग

आगामी होली उत्सव को देखते हुए कर्मचारी संगठनों ने मांग की है कि त्योहार से पहले 3 प्रतिशत महंगाई भत्ते काआदेश जारी किया जाए। इसके साथ ही, पदाधिकारियों ने यह भी मुद्दा उठाया है कि यह लाभ जुलाई माह सेलंबित है, इसलिए कर्मचारियों को पिछले 8 महीनों का बकाया (एरियर) नकद भुगतान किया जाना चाहिए। संघका कहना है कि एरियर का भुगतान न होने से कर्मचारियों को बड़ा वित्तीय नुकसान हो रहा है, जिसे नजरअंदाजनहीं किया जा सकता।

आर्मी कर्मी पर जानलेवा हमला, गला दबाया

कोर्ट में विचारधानी केस को वापस लेने बनाया दबाव

नवभारत, जबलपुर। गोराबाजार के अंतर्गत तिलहरी निवासी एक आर्मी फार्मासिस्ट पर सरेराह बदमाशों ने हमला कर दिया। आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते न्यायालय में चल रहे केस को वापस लेने का दबाव बनाया और इनकार करने पर लोहे की रॉड व पत्थरों से हमला कर घायल कर दिया। इसके बाद गला भी दबाया। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार संत जलाराम बाबू नगर तिलहरी निवासी रीतेश कुमार शिवहरे ने बताया कि वे एमएच आर्मी में फार्मेसी के पद पर कार्यरत हैं। जब वे बिलहरी स्थित बड़े हनुमान मंदिर के पास अपने बच्चे के लिए गुब्बारे खरीद रहे थे, तभी एक्टिवा सवार आरोपी माहिम राय और सोनू राय वहां पहुंचे। दोनों आरोपियों ने आते ही अभद्रता शुरू कर दी और कोर्ट केस वापस न लेने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी। माहिम राय ने रीतेश का कॉलर पकड़कर उन्हें गाड़ी से नीचे गिरा दिया, जिसके बाद सोनू राय ने लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में रीतेश के दाहिने हाथ के पंजे में गंभीर चोट आई है। वहीं माहिम राय ने पत्थर मारकर उनके चेहरे को लहूलुहान कर दिया और गला दबाकर जान से मारने की

चैन भी हुई गायब

मौके पर मौजूद राहुल पिल्ले और अन्य स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर रीतेश की जान बचाई, जिसके बाद आरोपी वहां से फरार हो गए। झूमाझपटी के दौरान पीड़ित के गले की सोने की चैन भी कहीं गिर गई है। गोराबाजार पुलिस ने आर्मी कर्मी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया है और फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

नवविवाहिता ने की खुदकुशी

नवभारत, जबलपुर। भेड़ाघाट थाना क्षेत्र में रहने वाली एक नवविवाहिता ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राजा बाबू चौधरी (32) निवासी विराट कॉलोनी शहपुरा ने सूचना दी कि उनकी बहू श्रीमती साधना चौधरी (26) ने भेड़ाघाट चौराहा स्थित अपने किराये के मकान में फांसी लगा ली थी। परिजनों द्वारा उसे तत्काल गंभीर हालत में उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज जबलपुर में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान स्थिति में सुधार न होने के कारण साधना चौधरी की मौत हो गई।

जमीन की सौदेबाजी में लाखों की धोखाधड़ी, बरेला पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

नवभारत, जबलपुर। बरेला में जमीन की सौदेबाजी में लाखों की धोखाधड़ी की बल्कि आरोपित ने मुख्तयारनामा कराकर पीड़ित की आर्थिक तंगी का फायदा उठाकर अवैधानिक रूप से ऋण दिया और उस पर अवैधानिक रुप से अत्याधिक ब्याज लगाने के साथ कर्ज एवं ब्याज की वसूली के लिए दबाव बना धमकाया ।

पुलिस के मुताबिक बृजेश दुबे 39 वर्ष निवासी ग्राम सिलुआ ने लिखित शिकायत की कि वह ग्राम सालीवाडा निवासी शुभम चौबे को वर्ष 2016 से पहचानता है वर्ष 2014 में ग्राम सिलुआ में मैन रोड खसरा नम्बर 390/4 का रकवा 0.07 हेक्टेयर भूमि लगभग 7623 वर्ग फुट जमीन प्रदीप झारिया निवासी ग्राम सिलुआ से खरीदा था, वर्ष 2018 में उसे खेती किसानी के लिये पैसे की तंगी होने के कारण अपने दोस्त शुभम चौबे से उधार पैसे के लिये बोला तो शुभम चौबे ने यूनियन बैंक आफ इंडिया शाखा टी.एफआर.आई. के चैक के माध्यम से कुल 11 लाख रुपये दिये थे, कुछ महीने बाद उसे शुभम चौबे कहा कि तुम्हारा पैसे का ब्याज 26 लाख रुपये हो गया है, रूपये वापस करो, उसने अपने दोस्तों, रिश्तेदारों से पैसे लेकर पैसा दिया था, परन्तु 26 लाख रुपये नहीं हो पा रहे थे, तो शुभम चौबे ने उसे डरा धमकाकर बोला कि अपनी जमीन का मुख्तयारनामा मेरे नाम करबा दो, जब तुम्हारे पास पैसे हो जायेंगे तब मैं तुम्हारी जमीन वापस कर दूंगा। इसके बाद शुभम चौबे निवासी सालीवाडा उससे कलेक्ट्रेट में मिला, और भूमि 26,00000 रुपये में गिरबी विक्रय अनुबंध शुभम चौबे ने करा लिया। इसके बाद में पावर आफ अटर्नी लेकर प्लाट की अपने नाम की रजिस्ट्री करा लिया है, शेष 15 लाख रुपये शुभम चौबे द्वारा नही दिये गये है। शुभम चौबे ने मुख्तयारनामा कराकर आवेदक की आर्थिक तंगी का फायदा उठाकर अवैधानिक रूप से ऋण दिया और उस पर अवैधानिक रुप से अत्याधिक ब्याज लगाया, कर्ज एवं ब्याज की बसूली के लिये दबाव बनाया। जबरन वसूली के लिए डरा धमकाकर क्षति पहुंचाकर अवैध लाभ कमाकर धोखाधड़ी की गई है। पुलिस ने आरोपी शुभम चौबे के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

सड़क हादसों में दो युवकों की मौत, दो घायल

नवभारत,जबलपुर। शहर एवं ग्रामीण अंचल में हुए अलग-अलग सड़क हादसों में दो युवकों की मौत हो गई जबकि दो घायल हो गए। यह सड़क हादसे कुंडम, बरेला, मझगवां थाना क्षेत्र में हुए है।

बरेला पुलिस ने बताया कि गौर नदी पुल के पास सड़क दुर्घटना में घायल नेमचंद सेन 60 वर्ष निवासी ग्राम खुक्खम थाना कुण्डम को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था दौरान उपचार के नेमचंद सेन की मौत हो गई इसी प्रकार मझगवां पुलिस ने बताया कि सोमवार सुबह केस लाल रजक 57 वर्ष निवासी ग्राम नुंजा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि चौराहा प्रतापपुर में अगरिया तरफ से आ रही बुलेरो क्रमांक एमपी 20 सीएल 0426 के चालक ने तेज गति लापरवाही से चलाते हुये उसकी स्कूटी में सामने से टक्कर मार दिया जिससे वह गिर गया उसे चोटें आ गई। इसी प्रकार ओमती पुलिस ने बताया कि अरबाज शेख 26 वर्ष निवासी डॉ. बटालिया के सामने मासूम का बाड़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि फुफ्फा का लड़का एहतेशाम रजा 32 वर्ष निवासी नया मोहल्ला ओमती का चेतक वाहन क्रमांक एमपी 20 जेड डब्ल्यु 7148 से घर आ रहा था जिसे मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 जेड जेड 6308 के चालक ने तेज गति लापरवाही से चलाते हुये एहतेशाम की चेतक मोटर सायकल में तेज गति लापरवाही से चलाते हुये एहतेशाम की चेतक में वायें तरफ से टक्कर मार दिया जिससे एहतेशाम चेतक सहित गिर गया जिसे सिर एवं शरीर में चोट आई है।

ससुराल जाने निकले युवक की सड़क हादसे में मौत

कुण्डम थाना अंतर्गत पिपरिया के एक परिवार की खुशियां उस समय मातम में बदल गईं, जब ससुराल जाने के लिए घर से निकला युवक सड़क हादसे का शिकार हो गया और उसकी मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पिपरिया निवासी गौर सिंह कुंजाम (58) ने सूचना दी कि उनका बेटा प्रदीप कुंजाम अपने ससुराल देवरी जाने के लिए घर से निकला था। बीती रात लगभग 10.30 बजे परिजनों को दिलीप सिंह मरावी के माध्यम से सूचना मिली कि प्रदीप का रात करीब 9.30 बजे भौकादेवरी के आगे पुल के पास एक्सीडेंट हो गया है। दुर्घटना के बाद वहां से गुजर रहे राहगीरों ने प्रदीप को तत्काल निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुण्डम पहुंचाया। घटना की खबर मिलते ही पिता गौर सिंह और अन्य रिश्तेदार बदहवास हालत में कुण्डम अस्पताल पहुंचे। हालांकि वहां मौजूद डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद प्रदीप कुंजाम को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने सूचना पर मर्ग कायम कर लिया है। पुलिस दुर्घटना के कारणों की बारीकी से जांच कर रही है।

लापरवाही लापरवाह अधिकारी स्वच्छता पर लगा रहे पलीता, 1 माह से नहीं उठा कचरे का ढेर

ऐसे में कैसे नंबर 1 आएगा जबलपुर ...

नवभारत,जबलपुर। सड़ांध मारता हुआ कचरे का ढेर, संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरे के बीच इन दिनों महाराणा प्रताप वार्ड अंतर्गत भूकंप कॉलोनी के रहवासी रहने मजबूर हो चुके हैं।

आलम ये है कि करीब 1 माह से कचरे का ढ़ेर यहां जमा हुआ है और जिम्मेदारों द्वारा शिकायत के बावजूद इसे उठवाया नहीं गया है जिसको लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश पनपता जा रहा है। कचरे की ये तस्वीर अब तो जबलपुर को स्वच्छता में नंबर 1 पर ले जाने के जिम्मेदारों के तमाम दावों को भी खोखला साबित करते नजर आ रही है ।

जिम्मेदार कहते हैं अभी उपलब्ध नहीं है जेसीबी

वीरेंद्र शर्मा, वीरेंद्र ठाकुर, प्रकाश सगले, शुभम साहू ने नवभारत को बताया कि भूकंप कॉलोनी में पिछले 1 माह से कचरे का ढेर पड़ा हुआ है। इस संबंध में नगर निगम के जिम्मेदारों को कई बार अवगत कराया गया लेकिन आज तक कचरा साफ नहीं किया गया है। इन लोगों ने ये भी कहा कि बीट वाली गाड़ी के चालक से कचरा उठाने कहा जाता है तो वो कहता है कि उसके पास कोई हैल्पर नहीं है,

सफाई के जिम्मेदारों से कहा जाता है तो वो कहते हैं अभी जेसीबी उपलब्ध नहीं है। ऐसे में लोगों को बहुत सी समस्याओं से जूझना पड़ रहा है।

इनका कहना है

भूकंप कॉलोनी व महाराणा प्रताप वार्ड में नियमित सफाई हो रही है। उसके बावजूद कहीं कोई शिकायत है तो सफाई अमले को भेजकर सफाई कराई जाएगी।

संतोष माहौर
मुख्य स्वच्छता निरीक्षक